महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज
फिरोजाबाद

(NAAC Accredited: B+ Grade)

सम्बद्धः डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

उद्योग अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ

सत्र– 2025–26

''शैक्षणिक भ्रमण''

दिनांक– 27.08.2025

प्रो0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय
प्राचार्या

श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी
संयोजिका

शैक्षणिक भ्रमण रिपोर्ट

सत्र - 2024-2025

कांच उद्योग विकास केंद्र एवं महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पी.जी. कॉलेज, फिरोजाबाद के MOU स्वीकरण के तहत उद्योग अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत दिनांक 27 अगस्त 2025 को छात्राओं में काँच आधारित उद्योग के प्रति व्यावहारिक ज्ञान एवं समझ विकसित करने के उद्देश्य से 62 छात्राओं का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण काँच उद्योग विकास केंद्र, फिरोजाबाद में आयोजित किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को काँच उद्योग की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित कराना तथा उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को काँच निर्माण की प्रक्रिया, काँच की कटिंग, फिनिशिंग, डिजाइनिंग तथा काँच पर पेंटिंग की विभिन्न तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त छात्राओं को सजावटी काँच उत्पादों एवं ज्वेलरी निर्माण की विधियों से भी अवगत कराया गया।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने केंद्र परिसर में स्थापित विभिन्न मशीनों एवं उपकरणों का अवलोकन किया और उनके संचालन की प्रक्रिया को समझा। इस प्रत्यक्ष अनुभव से छात्राओं के ज्ञान, कौशल तथा आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। छात्राओं ने उद्योग की

कार्यशैली, उत्पादन प्रक्रिया तथा गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व को भी समझा।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० प्रियदर्शिनी उपाध्याय के मार्गदर्शन एवं प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती केसरवानी के कुशल संयोजन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रकोष्ठ की सदस्य शिक्षिकाएँ डॉ० अनीता चौरसिया एवं डॉ० चर्चा तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी योगेश का विशेष सहयोग रहा, जो सराहनीय रहा।

अंततः यह शैक्षणिक भ्रमण छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इससे उन्हें उद्योग जगत की व्यावहारिक समझ प्राप्त हुई तथा भविष्य में कौशल विकास एवं रोजगार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ।

प्राचार्या
28/08/25
प्रो० प्रियदर्शिनी उपाध्याय

संयोजिका
28/08/25
श्रीमती प्रज्ञा केसरवानी

उद्योग अकादमिक एकीकरण

एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ